**<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित उपयोग हेतु</u>**

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2026

## अंक-योजना

## हिंदी ‘आधार’ विषय कोड – 302

## प्रश्न-पत्र कोड-- 2/1/3

**सामान्य निर्देश:-**

1. **सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) करने का निर्णय लिया है।**
2. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।
3. **मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना बोर्ड के विभिन्न नियमों / भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।**
4. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से और निष्ठापूर्वक किया जाए। **मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जाएँ। कक्षा XII में दक्षता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय, कृपया दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और यदि उत्तर अंक-योजना के अनुसार नहीं है, लेकिन परीक्षार्थी द्वारा व्यक्त दक्षता सही है, तो उचित अंक दिए जाएँ।**
5. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य-बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशानिर्देश हैं और पूर्ण उत्तर नहीं हैं। विद्यार्थी अपने अनुसार अभिव्यक्ति दे सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है, तो तदनुसार अंक दिए जाएँ।
6. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि कोई भिन्नता पाई जाती है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे शून्य कर दिया जाना चाहिए। शेष उत्तर पुस्तिकाएँ, जिनका मूल्यांकन किया जाना है, तभी दी जाएँगी जब यह सुनिश्चित हो जाए कि प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के अंकन में कोई महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं है।

7. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।
8. यदि किसी प्रश्न के कई भाग हैं, तो कृपया प्रत्येक भाग के लिए OSM पोर्टल के दायीं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न भागों के लिए दिए गए अंकों का OSM सिस्टम द्वारा कुल योग किया जाएगा।
9. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो OSM पोर्टल में बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ। इसके अनुपालन में दृढ़ता बरती जाए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना होगा और प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण स्पॉट मूल्यांकन दिशानिर्देशों में दिया गया है)।**
13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-
    - परीक्षार्थी के जिन उत्तरों को सही माना गया है, लेकिन अंक नहीं दिए गए हैं। (सुनिश्चित करें कि सही उत्तर के लिए सही (√) का निशान स्पष्ट रूप से लगा हो। गलत उत्तर के लिए गलत (X) का निशान भी लगा हो।)
    - उत्तर का आधा या आंशिक भाग सही और शेष गलत माना गया, लेकिन इसके लिए कोई अंक नहीं दिए गए हों।
    - उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
    - उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से कम अंक देना।
14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूरी तरह से गलत पाया जाता है, तो उसे क्रॉस (X) के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और शून्य (0) अंक दिए जाने चाहिए।
15. **वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों को स्पॉट मूल्यांकन गाइडलाइन में दिए गए दिशा-निर्देशों से स्वयं को परिचित कर लेना चाहिए।**
16. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।
17. **यदि कोई परीक्षार्थी किसी प्रश्न में दोनों विकल्पों का उत्तर देने का प्रयास करता है जबकि केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना अनिवार्य है, तो मूल्यांकनकर्ता दोनों विकल्पों में अंक प्रदान करेगा। सिस्टम दोनों में से उच्चतर अंक को लेगा और दूसरे उत्तर को अनदेखा कर देगा।**
18. **जिन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास परीक्षार्थी द्वारा नहीं किया गया है, उन प्रश्नों को परीक्षक "NA" (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा।**

# MARKING SCHEME

## Hindi Core (Subject Code-302)

## (PAPER CODE : 2/1/3) (Series : QR1SP)

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

| Q.No. | EXPECTED OUTCOMES/VALUE POINTS | Full Marks | Steps/ Marks |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | **18** | |
| **1.** | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर : | **10** | |
| | **बहुविकल्पी :** | | |
| (i) | (B) सभ्यता की अपेक्षा अत्यंत सूक्ष्म होती है | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (ii) | (D) मनुष्य के भौतिक विकास का क्रम | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (iii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक :** | | |
| (iv) | **अंतर-**<br>● सभ्यता – बाहरी उन्नति<br>● संस्कृति – भीतरी उन्नति<br>**उदाहरण :**<br>● सभ्यता- मोटर, मकान<br>● संस्कृति- मोटर बनाने की कला, मकान बनाने की रुचि<br>(अन्य उचित उदाहरण भी स्वीकार्य) | **1** | **Step 1-½ Mark**<br>**Step 2-½ Mark** |
| (v) | **कारण :**<br>● सभ्यता और संस्कृति दोनों एक दूसरे के पूरक<br>● आवश्यक वस्तुओं और सुविधाओं का निर्माण सभ्यता और उनके उपयोग का तरीका संस्कृति<br>**उदाहरण :**<br>● भोजन की सामग्री पैदा करना सभ्यता तथा भोजन तैयार करने और खाने की कला संस्कृति | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (अन्य उचित उदाहरण भी स्वीकार्य) | | |
| (vi) | • संस्कृति मनुष्य की भीतरी उन्नति का गुण<br>• दया, ममता, परोपकार आदि सीखना<br>• गीत-नाद, कविता, चित्र और मूर्ति से आनंद लेने की योग्यता हासिल करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| (vii) | **पूर्व की स्थिति :**<br>• असभ्यता की स्थिति<br>• पेड़ की छाया या पहाड़ की खोह में वास करना<br>• कंद-मूल खाकर गुजारा करना<br>• निर्वस्त्र रहना या पेड़ों की छाल, जानवरों की खाल पहनकर रहना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>**विकास के परिणाम :**<br>• सभ्यता की ओर बढ़ना<br>• घर बनाकर रहना<br>• खेती करके अन्न उपजाना<br>• अनाज पकाकर खाना<br>• कपड़े बुनकर पहनना<br>• यातायात के साधन उपलब्ध होना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **2.** | अपठित काव्यांश पर आधरित प्रश्नों के उत्तर : | **8** | |
| | **बहुविकल्पी :** | | |
| (i) | (C) मैके में आई बेटी के रूप में | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (ii) | (A) धूप | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (iii) | (B) खेतों के ऊपर उड़ते पक्षियों के मीठे स्वरों की | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक :** | | |
| (iv) | **तुलना-**<br>• काग से | **1** | **Step 1-½ Mark**<br>**Step 2-½ Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **आधार-**<br>● वर्ण की समानता | | |
| (v) | ● शिव के नंदी का रूप धारण कर नदी में पानी पीना<br>● सुध-बुध खोकर धरती के ऊपर खड़े रहना | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| (vi) | ● दूर तक खेतों में लहलहाती सरसों और उस पर चाँदी-सी चमकती धूप<br>● खेतों पर उड़ते पक्षियों के समूह का मधुर कलरव<br>● रंग-बिरंगे पुष्पों की सुगंध से महकती दिशाएँ<br>● कल-कल बहती नदी<br>● बेसुध आसमान<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| | **खंड – ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित)** | **22** | |
| **3.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x4=8** | |
| (i) | ● सृजनात्मक शक्ति के विकसित होने से<br>● मौलिक अभिव्यक्ति के अवसर मिलने से<br>● तर्क, विचार व उदाहरणों द्वारा मंतव्य को पुष्ट करने से<br>● भाषा पर अच्छी पकड़ बनने से<br>● कम समय में अपने विचारों को संकलित कर प्रस्तुत करने से<br>● लिखित अभिव्यक्ति की क्षमता के बढ़ने से<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| (ii) | ● कहानी के पात्रों की दृश्यात्मकता का नाटक के पात्रों से मेल खाना<br>● पात्रों की भाव-भंगिमाओं और उनके तौर-तरीकों का उचित ध्यान रखना<br>● पात्रों का अभिनय और रंगमंच के अनुरूप होना<br>● ध्वनि, प्रकाश और वॉयस ओवर द्वारा मानसिक द्वंद्व को अभिव्यक्ति प्रदान करना | **4** | **Step 1-4 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (iii) | **किन-**<br>● कहानी का सिर्फ घटना प्रधान न होना<br>● अवधि बहुत लंबी न होना<br>● पात्रों की संख्या अधिक न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>**क्यों :**<br>● श्रोताओं की रुचि बनी रहना<br>● अधिक लंबी अवधि तक श्रोताओं का न जुड़ पाना<br>● ध्वनि के माध्यम से पात्रों को पहचानने में आसानी<br>● रेडियो पर अधिक एक्शन उबाऊ होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-2 Marks** |
| **4.** | किन्हीं **चार प्रश्नों** के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में अपेक्षित : | **4x2=8** | |
| (i) | ● क्रमिक प्रसारण, श्रोता के अनुसार परिवर्तन संभव नहीं<br>● कार्यक्रम का समय और अवधि निश्चित<br>● तत्काल प्रतिक्रिया (फीडबैक) संभव नहीं<br>● सुनने और सुनाने वाले में संवाद की कोई गुंजाइश नहीं<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| (ii) | ● टी.वी. पर प्रसारित खबरों का एक चरण<br>● घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के कथन दिखाकर खबर की पुष्टि करना<br>● किसी भी खबर को पुष्ट करने के लिए खबर से संबंधित बाइट (कथन) दिखाना<br>● घटना की सूचना और दृश्य के साथ संबंधित व्यक्तियों के कथन द्वारा खबर को प्रामाणिकता प्रदान करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| (iii) | ● अर्थ हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण आधार<br>● कारोबार, व्यापार और अर्थ का क्षेत्र काफी व्यापक<br>● समाचार पत्रों की संपूर्णता के लिए आवश्यक<br>● कारोबार व्यापार और अर्थ जगत् से जुड़ी खबरों में पाठकों की | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | विशेष रुचि<br>● आर्थिक गतिविधियों, उनके प्रभाव की जानकारी में पाठकों की रुचि<br>● अर्थ जगत से जुड़े विशिष्ट पाठकों जैसे-व्यवसायी, निवेशक, छात्र आदि के लिए उपयोगी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| (iv) | ● **खोजी रिपोर्ट** – मौलिक शोध और छानबीन के जरिये किसी घटना, समस्या या मुद्दों से जुड़ी ऐसी सूचनाएँ और तथ्य प्रकाश में लाना जो सार्वजनिक तौर पर पहले से उपलब्ध न हो<br>● **इस्तेमाल** – भ्रष्टाचार अनियमितताओं और गड़बड़ियों को उजागर करने के लिए | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| (v) | ● विशेष रिपोर्ट का एक प्रकार<br>● सार्वजनिक रूप से उपलब्ध तथ्यों, सूचनाओं, आँकड़ों की गहन छानबीन कर किसी मुद्दे के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को सामने लाना<br>● घटना, मुद्दे या विषय की विस्तृत और व्यापक जानकारी प्रदान करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| **5.** | किसी **एक विषय** पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख :<br>विषय-वस्तु : 4 अंक<br>भाषा : 1 अंक<br>प्रस्तुति : 1 अंक | **6** | **Step 1-4 Marks**<br>**Step 2-1 Mark**<br>**Step 3-1 Mark** |
| | **खंड – ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **40** | |
| **6.** | काव्य खंड पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| (i) | ● बालपन में बच्चों का खेल-कूद के प्रति लगाव<br>● पतंग के माध्यम से ऊँचाइयों को छूना<br>● तितलियों-सी रंगीन दुनिया<br>● गिरकर संभलना और निडर होकर फिर से खेल में लग जाना | 2 | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • सीटी और किलकारियाँ मारना<br>• बच्चों के समूह में अत्यधिक आनंद का अनुभव करना<br>• पतंग पकड़ने के लिए इधर-उधर दौड़ना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| (ii) | • नव-निर्माण का आह्वान<br>• धरती के भीतर सोए अंकुर में नव जीवन की आशा<br>• बादल क्रांति और परिवर्तन के द्योतक<br>• शोषितों के लिए मुक्ति के प्रतीक<br>• विप्लव का गर्जन<br>• शोषकवर्ग का भयाक्रांत होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| (iii) | • भाषा को प्रभावशाली बनाने के चक्कर में उसे इतना अधिक जटिल, कृत्रिम, आडंबरपूर्ण और अलंकृत कर डालना कि कथ्य का प्रभाव ही समाप्त हो जाना<br>• भाषा के चक्कर में बात के मूल भाव का विकृत और प्रभावहीन हो जाना | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| **7.** | काव्य खंड पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| (i) | • बच्चे भेदभाव नहीं समझते, कविता भी बिना भेदभाव सबके लिए उपयोगी<br>• बच्चे सरल हृदय, कविता भी अनुभूतिजन्य<br>• बच्चों का संबंध कोमल उद्‌गारों से, कविता भी कोमल उद्‌गारों की अभिव्यक्ति<br>• बच्चों के खेल में समय-सीमा का कोई स्थान न होना, कविता भी देश-काल जड़-चेतन की सीमा से परे<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 | **Step 1-3 Marks** |
| (ii) | **करुणा-**<br>• अपाहिज की विवशता<br>• उसकी मनःस्थिति करुणा से ओत-प्रोत<br>• अपाहिज होने की पीड़ा को अभिव्यक्त न कर पाना | 3 | **Step 1-3 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **क्रूरता-**<br>● मीडियाकर्मी की संवेदनहीनता<br>● संवेदनहीन प्रश्न पूछकर अपाहिज की पीड़ा को कुरेदना, उसकी पीड़ा को और अधिक बढ़ाना<br>● दर्शकों की भावुकता से व्यावसायिक लाभ कमाने का प्रयास, कोरी व्यावसायिकता का प्रतीक<br>(करुणा अथवा क्रूरता के पक्ष में परीक्षार्थियों के अन्य उचित तर्कपूर्ण उत्तर भी स्वीकार्य) | | |
| (iii) | ● तत्कालीन शासक वर्ग की प्रजा के प्रति उदासीनता<br>● जीविका के साधनों का अभाव, भिखारियों को भीख भी न मिलना<br>● भूख से बेहाल हो नैतिक-अनैतिक कार्य करना<br>● संतान तक को बेचने की विवशता<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 | **Step 1-3 Marks** |
| **8.** | पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प : | **5x1=5** | |
| (i) | (B) अँधेरे से युक्त आसमान | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (ii) | (A) भोर का आकाश लालिमा से युक्त है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (iii) | (C) शब्दचित्र | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (iv) | (C) सफेद व नीले वर्णों का अद्भुत मिश्रण है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| (v) | (A) निर्मलता और उज्ज्वलता | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **9.** | गद्य खंड पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| (i) | ● संबंध जन्म के आधार पर नहीं, अपनेपन के भाव से<br>● भक्तिन और लेखिका के बीच सेवक और स्वामी का संबंध होने के बावजूद भक्तिन का लेखिका के प्रति पूर्ण समर्पण<br>● बिना कहे ही लेखिका के मन के भावों / इच्छाओं को जान लेना<br>● युद्ध और जेल जाने की विकट परिस्थिति में भी लेखिका के साथ डटे रहना<br>● स्वामिनी होने के बावजूद अपनी आदतों को भक्तिन के अनुरूप ढाल लेना<br>● धूल भरी पगडंडियों, पहाड़ी रास्तों में भी लेखिका के साथ रहना | **3** | **Step 1-3 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | | |
| (ii) | ● केवल अंधविश्वास की कहानी नहीं<br>● लोकविश्वास और विज्ञान के बीच द्वंद्व<br>● उपयोगी परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान<br>● वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी जरूरी<br>● अनुपयोगी परंपराओं और मान्यताओं को छोड़ने का संदेश<br>● अधिकारों के साथ कर्त्तव्य-निर्वाह की प्रेरणा<br>(परीक्षार्थियों के तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 3 | Step 1-3 Marks |
| (iii) | **क्या-**<br>● अभिरुचि एवं क्षमता के अनुरूप कार्य-विभाजन<br>● समान अवसर उपलब्ध कराना एवं समान व्यवहार की सीख<br>● पेशा बदलने की स्वायतता<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>**क्यों**<br>● सुविधा-संपन्न वर्ग को ही 'उत्तम व्यवहार' का हकदार माना जाना उचित नहीं<br>● समाज के संपूर्ण विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर दिया जाना अनिवार्य<br>● शारीरिक वंश परंपरा, सामाजिक उत्तराधिकार की दृष्टि से भेदभाव अनुचित<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 3 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-2 Marks |
| **10.** | पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प : | **5x1=5** | |
| (i) | (C) महामारी के कारण गाँव वालों की असहाय स्थिति से दुखी होने के कारण | 1 | Step 1-1 Mark |
| (ii) | (B) क-(ii), ख-(iii), ग-(i) | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iii) | (A) महामारी की भयानकता और दुष्प्रभाव का उल्लेख करने हेतु | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iv) | (C) उत्तेजना युक्त उत्साह | 1 | Step 1-1 Mark |
| (v) | (B) मृत्यु या अनिष्ट की आहट | 1 | Step 1-1 Mark |
| **11.** | गद्य खंड पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में अपेक्षित : | **2x2=4** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | • संयमी<br>• संग्रह, तृष्णा, लोभ और धन-संचय जैसी भावनाओं से परे<br>• बाज़ार के आकर्षणों से मुक्त<br>• आवश्यकतानुसार खरीददारी (लक्ष्य-केंद्रित)<br>• क्रेता और विक्रेता के रूप में बाजार को सार्थकता देने वाले<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| (ii) | **किससे-**<br>• कालजयी अवधूत से<br>**क्यों-**<br>• सम-विषम किसी भी प्रकार की परिस्थिति से दोनों का प्रभावित न होना<br>• भीषण गर्मी के ताप में भी हरा-भरा रहना, दुख में कभी हार न मानना<br>• आठों याम अपनी ही धुन में मस्त एवं बेपरवाह, सरस और मादक बने रहना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| (iii) | • दूसरों द्वारा निर्धारित व्यवहार और कर्त्तव्यों का पालन करने की विवशता<br>• मनुष्य की शक्ति के सक्षम एवं प्रभावशाली प्रयोग की स्वतंत्रता न होना<br>• इच्छानुसार कार्य/व्यवसाय चुनने की स्वतंत्रता न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| **12.** | 'वितान' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100 शब्दों** में अपेक्षित : | **2x5=10** | |
| (i) | **परंपराएँ :**<br>• सादगीपूर्ण जीवन<br>• सीमित संसाधनों में भी संतुष्ट रहना<br>• आधुनिकता के दिखावे से दूर<br>• अपने जूनियरों से कोई मनोरंजक बात कर दिन भर के शुष्क व्यवहार का निराकरण | **5** | **Step 1-3 Marks**<br>**Step 2-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • बुजुर्गों का सम्मान एवं परिजनों के प्रति आत्मीय व्यवहार<br>• अपने-पराए हर किसी की मदद करना<br>• किशन दा की तरह रोज मंदिर जाना, संध्या पूजन करना, धार्मिक पुस्तकें पढ़ना<br>• परंपराओं का पालन- प्रातःकाल जल्दी उठना, सैर पर निकलना, होली गवाना, जन्यों पून्यूं के दिन कुमाउँनियों को जनेऊ बदलने के लिए आमंत्रित करना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित)<br>**प्रभाव :**<br>• पत्नी और बच्चों से वैचारिक मतभेद<br>• अकेलेपन एवं तनाव का शिकार<br>• आधुनिकता के साथ सामंजस्य न बैठा पाना<br>• उपेक्षित महसूस करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| (ii) | **विशेषताएँ :**<br>• बुद्धिमान एवं प्रतिभाशाली<br>• स्वभाव से शांत<br>• हमेशा पढ़ाई में लगे रहना<br>• दूसरों के सवालों की जाँच करना<br>• नेतृत्व क्षमता का होना<br>• अनुशासित एवं मेहनती<br>• कक्षा में सम्मान प्राप्त<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>**प्रभाव :**<br>• पढ़ाई के प्रति रुचि का और बढ़ना<br>• मॉनीटर बनने की चाह<br>• किताबें और बस्ता व्यवस्थित रखना<br>• हमेशा कुछ न कुछ पढ़ते रहना<br>• मन की एकग्रता से गणित झटपट समझ आना व सवाल सही होना<br>• वसंत की तरह अन्य बच्चों के सवाल जाँचना | **5** | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-3 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ● दोनों में प्रगाढ़ मित्रता होना<br>● कक्षा में एक पहचान बन जाना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | | |
| (iii) | ● खुदाई में राजतंत्र को प्रदर्शित करने वाले महल, धर्मतंत्र की ताकत दिखाने वाले पूजा स्थल, मूर्तियों और पिरामिड आदि का न मिलना<br>● कला की दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध सभ्यता<br>● कला-सौंदर्य राजपोषित या धर्मपोषित न होकर समाजपोषित<br>● नावें बनावट में मिस्र की नावों जैसी होते हुए भी आकार में छोटी<br>● नरेश के सिर पर छोटा मुकुट<br>● स्व-अनुशासित सभ्यता, सुव्यवस्थित नगर योजना, जल संस्कृति, खेतिहर सभ्यता<br>● हथियारों के स्थान पर औजारों को महत्त्व देना<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-5 Marks** |